SCHOLARSHIP DEPARTMENT

BBD EDUCATIONAL GROUP, LUCKNOW

Dated: 22/06/2020

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार **अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग** के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आगामी वित्तीय वर्ष 2020-21 से छात्रों के आधार नम्बर ऑनलाइन वेरीफिकेशन के पश्चात् आवेदन पत्र सबमिट हो सकेंगे। इस प्रक्रिया में छात्रों का नाम, पिता/पति का नाम व लिंग तथा जन्मतिथि का सत्यापन होने के पश्चात् आधार नम्बर से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ०टी०पी० भेजा जायेगा। उक्त ओ०टी०पी० को आवेदन पत्र में भरने के उपरांत आवेदन पत्र सबमिट किया जा सकेगा। आधार नम्बर से लिंक/सीडेड बैंक खाते में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि अंतरित होगी।

उपरोक्त प्रकार की कार्यवाही किये जाने हेतु छात्रों के स्तर पर निम्न कार्यवाही किया जाना है:-

1. सभी छात्रों के पास आधार नम्बर उपलब्ध होना चाहिये जिन छात्रों के पास आधार नम्बर नहीं है उन्हें प्रत्येक दशा में आधार कार्ड बनवा लेना चाहिये।
2. जिन छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है। तत्काल में आधार कार्ड को अपने मोबाइल नम्बर से लिंक/सीड करा लें।
3. हाई स्कूल अंकपत्र/प्रमाण-पत्र में अंकित अपने नाम तथा अपने माता-पिता का नाम के अनुरूप ही आधार कार्ड में अपना व माता-पिता /पति का नाम अपडेट करा लें।
4. हाई स्कूल अंकपत्र/प्रमाण-पत्र में अंकित जन्म तिथि को आधार कार्ड में अपडेट करा लें।
5. आधार कार्ड में यदि लिंग/(जेण्डर) गलत है तो उसको शुद्ध करा लेना चाहिये।

(प्रो० (डॉ०) [illegible] तिवारी)
डीन, स्टूडेन्ट वेलफेयर एण्ड चीफ प्रॉक्टर
बी०बी०डी० एजुकेशनल [illegible]